महत्वपूर्ण एवं खास

ऑफिस से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर (आरएनएस)। अनुपम नगर खम्हारडीह स्थित ऑफिस का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पिंकु घोष 39 वर्ष गोरखा कालोनी न्यू शांतिनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने खम्हारडीह थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके ऑफिस का ताला तोडक़र आलमारी में रखे कैमरा और हार्ड डिस्क पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 95 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

तालाब के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर (आरएनएस)। मठपारा स्थित चिरौंजी तालाब के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ओमप्रकाश देवांगन 38 वर्ष गभरापारा टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचटी 4899 को मठपारा स्थित चिरौंजी तालाब के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अनियंत्रित ट्रेलर पलटी, सायकिल चालक की दबकर मौत

कोरबा-रायपुर (आरएनएस)। जिले के दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत विजय नगर बाईपास मार्ग पर आज सुबह एक भीषण सडक़ हादसा हो गया. कोयला लोड कर एसईसीएल खदान से निकली एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे की चपेट में सडक़ किनारे चल रहा एक साइकिल सवार आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. इस हादसे में हाइवा चालक को भी मामूली चोंटे आई है. राहगिरों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल पुलिस हाईवा चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. पुलिस ने मृतक की पहचान 40 वर्षीय धनसाय, निवासी जवाली गांव के रूप में की है. परिजनों को सूचना देने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

अज्ञात वाहन ने युवक को मारी ठोकर, मौके पर ही मौत

गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)। एनएच 130 सी देवभोग-गरियाबंद मार्ग पर एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया. एक अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया. यह मामला घटना इंदागांव थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के मुताबिक इंदागांव क्षेत्र के धुर्वागुड़ी फ्यूल के पास अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी. गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, लेकिन माना जा रहा है कि वह उड़ीसा के सीनापाली क्षेत्र का निवासी हो सकता है. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है और मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं. पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा गया. हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अमलीपदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. पुलिस की अपील पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अगर किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत संबंधित थाने से संपर्क करें. साथ ही पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है.

राजस्व पखवाड़ा शिविर 7 अप्रैल से होगा प्रारंभ

0 प्रात: 10 बजे सायं 4 बजे तक चलेगा शिविर

0 शिविर स्थल निर्धारित, नोडल अधिकारी नियुक्त

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु रायगढ़ जिले के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 7 से 21 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा में नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपर्वतन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई, किसान किताब, आय जाति निवास प्रमाण पत्र संबंधी आवेदन लिए जायेंगे। जिसका प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। जिसके लिए शिविर स्थल, शिविर स्थल में शामिल गांव एवं नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। राजस्व पखवाड़ा के लिए समय प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व पखवाड़ा के प्रथम दिन 7 अप्रैल को पंचायत भवन जामगांव में शिविर का आयोजन होगा। जिसमें कुकुर्दा, छुहीपाली, नवापारा, जामगांव, बेहरापाली, कोयलंगा, भुईयांपाली, कोलाईबहाल, मनुवापाली एवं सरईपाली ग्राम शामिल होंगे। जिसके लिए राजस्व निरीक्षक नंदराम पटेल मोबा.7693962155 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह 9 अप्रैल को पंचायत भवन मौहापाली में शिविर का आयोजन होगा। जिसमें गोपालपुर, भिखारीमाल, कोतरलिया, चिटकाकानी, पण्डरीपानी पूर्व, बेंदराचुवां, जुर्डा, सियारपाली, कोटरापाली, कोटमार, कारीछापर, लोईंग, विश्वनाथपाली, कोसमपाली, मौहापाली, सकरबोगा, साल्हेओना, बनोरा, बेलरिया, डूमरपाली एवं बड़े अतरमुड़ा ग्राम शामिल है। जिसके लिए राजस्व निरीक्षक नंदराम पटेल मोबा.7693962155 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 11 अप्रैल को पंचायत भवन तिलगा में शिविर का आयोजन होगा। जिसमें तिलगा, झारगुड़ा, नटवरपुर, अड़बहाल, देवबहाल, भगोरा, सपनई, बलभद्रपुर, सरबहाल, सिकोसीमाल, बनबहरी, नवबहाल, टारपाली, पतरापाली पू. ग्राम शामिल है। जिसके लिए राजस्व निरीक्षक मनिषा निकुंज मोबा.नं.9009954982 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 15 अप्रैल को पंचायत भवन गेरवानी में शिविर का आयोजन होगा। जिसमें खैरपुर, टीपाखोल, चिराईपानी, गेरवानी, शिवपुरी, देलारी, पाली, लाखा एवं चिराईपानी ग्राम शामिल है। जिसके लिए राजस्व निरीक्षक मनिषा निकुंज मोबा.नं.9009954982 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 17 अप्रैल को पंचायत भवन कछार में शिविर का आयोजन होगा। जिसमें कोड़तराई, कुशवाबहरी, केराझर, गढ़कुर्री, परसदा, मुरालीपाली, डोंगाढ़केल, पंडरीपानी पं., कांशीचुवां, डोंगीतराई, हरदीझरिया, कछार लेबड़ा, चारभांठा, डूमरपाली, बनहर, देवरी, गेजामुड़ा, रामपुर छोटे, कोसमपाली, जोरापाली, कोसमनारा, कलमी, सांगीतराई, धनागर, ननसिया, केनापाली, छुहीपाली, अमलीभौना, उच्चभिट्ठी एवं कोकड़ीतराई ग्राम शामिल है। जिसके लिए राजस्व निरीक्षक महेशराम चौहान मोबा.नं. 9981924916 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 19 अप्रैल को पंचायत भवन कांटाहरदी में शिविर का आयोजन होगा। जिसमें जामपाली, बघनपुर, उसरौट, बायंग, पनझर, रानीगुड़ा, नंदेली, बैसपाली, सरडामाल, बोकरामुड़ा, बरपाली, मौहापाली, अरसीपाली, नावापारा, जुनवानी, तारापुर, औराभांठा, कुरमापाली, ठाकुरपाली, कोतरा, बालमगोडा, कुलबा, नवागांव, सरवानी, लिटाईपाली, कांटाहरदी, सहसपुरी, बरदापुटी, बसंतपुर, नौरंगपुर, भातपुर, साल्हेपाली, दुलोपुर, पटेलपाली, तरकेला, कुसमुरा एवं बनसिया ग्राम शामिल है। जिसके लिए राजस्व निरीक्षक सुरेश पटेल मोबा.नं. 94252-50514 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 21 अप्रैल को पंचायत भवन संबलपुरी में शिविर का आयोजन होगा। जिसमें बरमुड़ा, संबलपुरी, बादपाली, रेगड़ा, भेलवाटिकरा, दनौट, बरलिया, आमापाली, लामीदरहा, नवागांव, चक्रधरपुर, धुमाबहाल, छिरवानी, बंगुरसिया एवं जुनवानी ग्राम शामिल है। जिसके लिए राजस्व निरीक्षक मनिषा निकुंज मोबा.नं.9009954982 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर लाखों की ठगी,दो आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग | आरएनएस

फर्जी सीबीआई तथा दिल्ली पुलिस के अधिकारी बनकर 41 लाख रूपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को

थाना सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस एवं एसीसीयू की संयुक्त कार्यवाही में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ठगी से प्राप्त पैसो को क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से दुबई भेजना,चंद घंटों में रूपयों को स्थानीय अंगडिय़ा के माध्यम से हवाला में लगाने का काम करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से रूपये गिनने की मशीन व इन्डेवर फ ोर्ड कार भी जब्त किया है।

नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन ने पत्रकार वार्ता में बताया कि कु. फ रिहा अमीन कुरैशी पिता स्व. मोहम्मद अमीन 62 साल साकिन एलआईजी 512 हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी बघेरा दुर्ग थाना कोतवाली दुर्ग के द्वारा 05.02.2025 को थाना कोतवाली दुर्ग में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21/01/2025 को प्रार्थिया के मोबाईल पर सुबह 10:35 मिनट पर दिल्ली पुलिस डिपार्टमेंट का एक विडियो कॉल आया, जिसके अनुसार उन्होने सी.बी. आई. पुलिस दिल्ली द्वारा संदीप कुमार के विरूद्ध मनीलॉन्ड्रींग कैस ड्रगट्रेफेकिंग आईडेन्टिटी थेफ्ट कैश में जांच की जा रही जिसमें उन्हें संदीप कुमार के कब्जे से 180 बैंक खाते प्राप्त हुए है, जिसमें एक खाता प्रार्थिया के नाम का एच.डी.एफ.सी. बैंक दिल्ली का होना बताये, जिसमें लगभग 8.7 करोड़ रूपये जमा है और संदीप कुमार ने पुछताछ के दौरान यह बताया गया है कि सभी खाता धारकों ने संदीप कुमार से 10 प्रतिशत लेकर व्यक्तिगत उपस्थित होकर अपने नाम से उक्त खाते खुलवाये है। इस संबंध में प्रार्थिया द्वारा मना किये जाने पर उक्त पुलिस अधिकारी ने प्रार्थिया का विवरण पुछा और बताया कि सारे विवरण उनके पास पहले से मौजूद है तत्पश्चात् उस पुलिस अधिकारी ने प्रार्थिया को तत्काल दिल्ली आकर बयान देने के लिए कहा अन्यथा तत्काल गिरफ्तार करेगें कहा। प्रार्थिया द्वारा असमर्थता बताये जाने पर उस पुलिस अधिकारी ने अन्य पुलिस अधिकारी से बात कर ऑनलाइन बयान देने और इंवेस्टिगेशन कराये जाने का निवेदन करने का कहा था ऐसा करने पर एक पुलिस अधिकारी ऑनलाईन सुनील कुमार गौतम आई.पी.एस. दिल्ली पुलिस से प्रार्थिया का परिचय कराया गया, जिनके द्वारा इसी दिनांक को प्रार्थिया को पुछताछ कर बयान लिया गया और प्रार्थिया के नाम से जमा और अर्जित चल अचल संपत्ति का विवरण मांगा गया। पुलिस अधिकारी आई.पी.एस. गौतम ने प्रार्थिया से यह भी कहा की आरोपी संदीप कुमार बहुत ही बड़ा अपराधी है, यह प्रकरण बहुत बड़ा कॉन्फिडेनशियल केस है इसलिये इसकी गोपनीयता बनाये रखना जरूरी है प्रार्थिया अपने भारतीय स्टेट बैंक गंजपारा दुर्ग से अलग-अलग चरणो में आर.टी. जी.एस. के माध्यम से आर.बी.आई. इण्डिया में जमा कराया गया है जो कि लगभग (अक्षरी इकचालीस लाख रूपये) है। 04.02.2025 के दोपहर तक उक्त दिल्ली पुलिस अधिकारी से संपर्क नहीं होने पर प्रर्थिया के साथ धोखाधड़ी होने पर अपराध क्रमांक 66/2025, धारा 318 (4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है।

रविवार तक प्रदेश भर में बदली-बारिश के आसार

रायपुर | आरएनएस

राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में मौसम ने करवट ले ली है. पिछले कुछ दिनों से आसमान में छाए बादलों और कहीं-कहीं हो रही बारिश का असर अब रायपुर में भी साफ नजर आने लगा है. बीते पांच दिनों में दिन का तापमान करीब 8 डिग्री तक गिर चुका है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है. गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा. मौसम विभाग के अनुसार अभी उत्तरी तटीय आंध्रप्रदेश और उससे सटे ओडिशा के ऊपर ऊपरी हवा में चक्रवात बना हुआ है. इस सिस्टम के कारण समुद्र से लगातार नमी आ रही है, जिससे वातावरण में ठंडक बनी हुई है. शुक्रवार को भी राजधानी में हल्के बादल छाए रह सकते हैं और कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है. पिछले 24 घंटे में प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई है. बस्तर के नांगुर में 10 मिमी बारिश हुई, जबकि बिलासपुर में 1.6 मिमी और जगदलपुर में हल्की बूंदाबांदी रिकॉर्ड की गई. पेंड्रारोड में भी गुरुवार को हल्की बारिश देखने को मिली. मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अगले दो-तीन दिनों तक प्रदेश में गरज-चमक के साथ बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है.

शेयर ट्रेडिंग मे मुनाफा कमाने का लालच देकर 50 लाख रूपये की ठगी,दो गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। शेयर ट्रेडिंग मे मुनाफा कमाने का लालच देकर 50 लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा द्वारा रेंज साइबर थाना रेंज रायपुर की टीम को साइबर अपराधों में तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के संबंध में निर्देश दिया गया है। इसी कड़ी में प्रार्थी उमाकांत वर्मा रायपुर ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफ ा कमाने के नाम से उनसे 50 लाख रुपए की ठगी होने की रिपोर्ट थाना गुढियारी में दर्ज कराई थी,। जिस पर गुढिय़ारी थाने में धारा 318(4),111,3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त अपराध की विवेचना रेंज साइबर थाना, रेंज रायपुर को सौंपी गई थी। तथा वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देश पर कार्यवाही करते हुए विवेचना क्रम में आरोपियों द्वारा उपयोग किए जा रहे बैंक खातों एवं मोबाइल नंबरों की जानकारी प्राप्त की गई। जिसमें पाया गया था कि गोपाल अग्रवाल द्वारा पता बदल कर फ र्जी कम्पनी बनाकर विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर अपने अन्य साथी प्रतीक जैन की सहायता से उक्त बैंक खातों में प्रार्थी उमाकांत से रकम जमा करवाए गए थे। जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों की जानकारी एकत्रित कर दोनों आरोपियों को दिनांक 4/4/25 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। मामले में पुलिस ने गोपाल अग्रवाल पिता जगदीश अग्रवाल उम्र 20 वर्ष स्थाई पता युगल नंद गली खरसिया रायगढ़ तथा प्रतीक जैन पिता राकेश जैन उम्र 22 वर्ष पता मितान विहार दलदल सिवनी मोवा को गिरफ्तार किया है।

रायपुर रेल मंडल में टिकट चेकिंग स्टाफ के कार्यों की समीक्षा

रायपुर | आरएनएस

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने रायपुर रेल मंडल में कार्यरत टिकट चेकिंग स्टाफ के कार्यों की समीक्षा की ड्यूटी के दौरान आने वाली समस्याओं, सुरक्षा, सुविधाओं में विस्तार सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। रायपुर रेल मंडल में कुल 218 टिकट चेकिंग स्टाफ है पहली बैठक में 75 टिकट चेकिंग शामिल हुए आगामी दिनों में शेष टिकट चेकिंग स्टाफ के कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। अवधेश कुमार त्रिवेदी ने टिकट चेकिंग स्टाफ के द्वारा यात्रियों के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करने, नियमानुसार यात्रियों को प्रदत्त की जाने वाली सुविधाओं के प्रति उनकी जिम्मेदारियों, उनके द्वारा कि जा रही रेल सेवा से यात्री संतुष्ट हो, यात्रियों को उन्नत सुविधा मिले, ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों के प्रति व्यवहार अच्छा रखेंगे तो भारतीय रेल की साख भी बनेगी इत्यादि विषयों पर गंभीरता से चर्चा की गई साथ ही टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा अपने कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनकी समस्यायों को तत्काल सुलझाया जाए, उनको दिए जाने वाले सभी लाभों, भत्तो का समय पर भुगतान हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। टिकट चेकिंग स्टाफ जब भी अपने मंडलों या अन्य रेलवे जोन एवं मंडलों में ड्यूटी समाप्त कर रेस्ट के लिय जाते हैं तो उन्हें वहां पर उचित रहन-सहन, रेस्ट हाउस में उचित खानपान की व्यवस्था सुनिश्चित हो इसका ध्यान रखे जाने की बात कही। साथ ही सभी टिकट चेकिंग स्टाफ को अलर्ट किया कि यात्रियों को समस्या का अनुभव होने से पहले उन्हें स्वयं समस्या का आकलन कर लेना चाहिए और उसका तुरंत निदान करने हेतु उचित उपाय किए जाने चाहिए तुरंत कंट्रोल या अपने उच्च अधिकारियों को उस समस्या से अवगत करा कर तुरंत निदान कर रेल यात्रियों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करा कर रेल सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के साथ सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद , मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक ए. जेना, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक टाटा बाबू सहित 75 टिकट चेकिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

लोन दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले 6 गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस

राजधानी की कोतवाली थाना पुलिस ने 250 से अधिक लोगों को लोन दिलाकर उनके लोने की आधी रकम को अपने फर्म में जमा करवाकर लोगों से करोड़ों रूपयों की ठगी करने वाले फर्म आरवी ग्रुप के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने दो महिलओं सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने राजधानी रायपुर के डीएम प्लाजा स्थित आरवी ग्रुप एवं स्पाश एडवाईजर प्राईवेट लिमिटेड द्वारा की गई व्यापक वित्तीय धोखाधडी का खुलासा किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी अभय कुमार गुप्ता (उर्फ अमयकांत गुप्ता) सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस धोखाधड़ी में 250 से अधिक लोगों को फर्जी लोन स्कीम में फंसाकर करोड़ों की ठगी की गई। जिससे कुल ठगी की राशि 50 करोड़ रुपये से अधिक होने की संम्भावना है। उक्त कार्यवाही एक पीड़ित व्यक्ति द्वारा शिकायत किये जाने के बाद की गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने पहले लोन दिलाने के नाम पर उनके दस्तावेज एकत्र किए और बैंक के साथ सांठगांठ कर उसके नाम पर 72,15,399 रुपये के लोन मंजूर करवाए और 50 प्रतिशत रकम निवेश के नाम पर अपने फ र्म में जमा करवा ली और बाद में, उन्हें आश्वासन दिया गया कि लोन की 50 प्रतिशत राशि आरवी ग्रुप फ र्म में निवेश करने पर उनकी ईएमआई फ र्म द्वारा स्वत: भरी जाएगी। शुरू में कुछ महीनों तक मासिक किस्तें जमा कर विश्वास बढ़ाया गया, लेकिन बाद में भुगतान रोक दिया और ग्राहकों के फ ोन कॉल और शिकायतों को अनदेखा किया गया। उपरोक्त प्रकरण को पुलिस महानिरीक्षक रायपुर अमरेश मिश्रा, उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुये तत्काल आरोपीगणो की पता तलाश एवं गिरफ्तारी किये जाने हेतु टीम गठित कर संभावित स्थानो पर टीम रवाना की जिसके फलस्वरुप आरोपीगण जो कि गबन कर विदेश भागने की फिराक में थे, पुलिस की गिरफ्त में आ गये। आरोपियों द्वारा इसी प्रकार से 250 से अधिक लोगों से ठगी की गई है।

पुलिस ने अब तक अभय कुमार गुप्ता, सुरेंद्र सिंह करियाम, मनोज कुमार भगत, रागिब हुसैन, विभा वर्मा और पूजा यादव को गिरफ्तार कर लिया, जिनसे पूछताछ मे अन्य आरोपीगणो के संलिप्त होने की जानकारी प्राप्त हुई है, जिनकी तलाश की जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

इस माह पुरी-इंदौर, जोधपुर, एलटीटी रूट की कई गाड़ियां रहेंगी रद्द

बिलासपुर-रायपुर | आरएनएस

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के प्रयास के तहत दो महत्वपूर्ण रेल खंडों में कनेक्टिविटी और विद्युतीकरण का कार्य किया जाएगा। इस कारण पुरी को जोडऩे वाली इंदौर, जोधपुर व एलटीटी की गाडिय़ां और गीतांजलि एक्सप्रेस इस माह कई दिनों के लिए रद्द की गई है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रोड रेल मंडल के अंतर्गत मेरामण्डली-हिन्दोल रोड सेक्शन में तीसरी एवं चौथी रेलवे लाइन को मेरामण्डली स्टेशन से जोडऩे का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। यह कार्य 15 से 24 अप्रैल तक चलेगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली या गुजरने वाली निम्नलिखित यात्री गाडिय़ां रद्द रहेंगी। 19 अप्रैल को जोधपुर से रवाना होने वाली गाड़ी 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस। -16 अप्रैल को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस। -13 अप्रैल को एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी 12145 एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस। -15 अप्रैल को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी 12146 पुरी-एलटीटी एक्सप्रेस। -18 अप्रैल को गांधीधाम से रवाना होने वाली गाड़ी 12993 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस। -21 अप्रैल को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस। 68.66 कन्याओं को देवी का रूप माना जाता है : पूनम शुक्ला -15 एवं 22 अप्रैल को इंदौर से रवाना होने वाली गाड़ी 20917 इंदौर-पुरी एक्सप्रेस। -17 एवं 24 अप्रैल को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी 20918 पुरी-इंदौर एक्सप्रेस। गीतांजलि 13 से 26 तक रद्द रहेगी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रायगढ़-झारसुगुड़ा सेक्शन में कोतरलिया रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोडऩे और इस खंड में चौथी लाइन के विद्युतीकरण का कार्य 11 से 23 अप्रैल तक किया जाएगा। इस कार्य के चलते कुछ गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित होगा। पहले घोषित तिथियों के अनुसार, 11 से 24 अप्रैल तक पुरी तक चलने वाली गाड़ी 12859 मुंबई-हावड़ा गीतांजलि एक्सप्रेस रद्द रहने वाली थी, लेकिन रेल प्रशासन ने इसमें संशोधन करते हुए इसे अब 13 से 26 अप्रैल तक रद्द करने का निर्णय लिया है।